तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गुण्डा एक्ट प्रकरण संख्या: 08/2020	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म कीतामिल में जारी हुए
20.10.2021	पत्रावली पेश हुई। सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित। गैरसायल लालचन्द पुत्र घनश्याम, जाति– अहीर, निवासी– छावणी, पुलिस थाना शिवगंज, जिला– सिरोही उपस्थित। गैरसायल की ओर से वकील श्री भंवर सिंह देवडा उपस्थित। गैरसायल ने लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर जुर्म/आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण का आज ही निस्तारण करने का अनुरोध किया। जिस पर सहायक अभियोजन अधिकारी व गैरसायल के वकील की बहस सुनी गई। सहायक अभियोजन अधिकारी ने इस्तगासे में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए गैरसालय को सिरोही जिले से छः माह की अवधि के लिये निष्कासित करने का अनुरोध किया। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह व्यक्त किया कि गैरसायल ने गैरसायल के विरुद्ध दर्ज धारा 13 आरपीजीओं के मुकदमों में लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार करने के कारण गैरसायल को न्यायालय ने दोष सिद्ध ठहराया है। गैरसायल के विरुद्ध दिनांक 15.12.2019 के बाद कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है। गैरसायल ने कभी शांतिभंग नही की है। गैरसायल गरीब व्यक्ति है जो मजदूरी कर अपना गुजारा कर रहा है। गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है। गैरसायल ने कभी भी शांति भंग नही की है, इसलिये गैरसायल के विरुद्ध प्रस्तुत कार्यवाही को ड्रॉप किया जावे। हमनें सुनी गई बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट के अनुसार गैरसायल लालचन्द पुत्र घनश्याम, जाति– अहीर, निवासी– छावणी, पुलिस थाना शिवगंज के विरुद्ध पुलिस थाना, शिवगंज में धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत अपराध संख्या 10 दिनांक 11.1.2018 व 263 दिनांक 15.12.2019 को दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार उक्त मुकदमों में गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये, जिनमें संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया गया है। गैरसायल के विरुद्ध दर्ज अपराध संख्या 10 दिनांक 11.1.2018 व 263 दिनांक 15.12.2019 की प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतिया, इन दोनों मुकदमों में प्रस्तुत आरोप पत्रों की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। उक्त अपराध संख्या 10 दिनांक 11.1.2018 व 263 दिनांक 15.12.2019 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक क्रमशः 04.6.2018 व 19.12.2019 के अनुसार गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया गया है। इससे स्पष्ट है कि कि गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(V) में वर्णि[illegible] करने का दोषी है व गुण्डा की श्रेणी में आता है। पु[illegible] अ[illegible] सिरोही की रिपोर्ट एवं पत्रावली पर [illegible] यह स्पष्ट है कि ....लगातार	लालचन्द अहीर

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2022.06.06 17:55:27 IST
Reason: SelfAttested

[illegible] जिला [illegible]
सिरोही–307001.

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गुण्डा एक्ट प्रकरण संख्याः 08/2020	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म कौतामिल में जारी हुए

गैरसायल जुआं संबंधी अपराधों में लिप्त रहा है, किन्तु दिनांक 15.12.2019 के बाद गैरसायल के विरुद्ध कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है।

अतः उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को स्वीकार करते हुऐ गैरसायल लालचंद पुत्र घनश्याम, जाति– अहीर, निवासी– छावणी, पुलिस थाना शिवगंज, जिला– सिरोही को राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के परिप्रेक्ष्य में 15 दिन की अवधि के लिये पुलिस थाना क्षेत्र, शिवगंज से निष्कासित किया जाता है। इस निष्कासन अवधि में गैरसायल बिना पूर्व अनुमति के पुलिस थाना क्षेत्र, शिवगंज की सीमा में प्रवेश नही करेगा, गैरसायल इस निष्कासन अवधि में एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा किसी प्रकार के आपराधिक कृत्य नही करेगा। इसके अतिरिक्त, गैरसायल इस अवधि में किसी भी शैक्षणिक संस्था, धार्मिक स्थल, सार्वजनिक पार्क आदि के आस–पास अपनी उपस्थित नही देगा। गैरसायल उक्त निर्देश/निबन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत राशि रुपये 20,000/– (अक्षरे रुपये बीस हजार मात्र) का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। आदेश सुनाया गया। माफिक आदेश गैरसायल ने स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत किया जो बाद तस्दीक शामिल मिसल किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो तथा निर्णय की प्रति थानाधिकारी, पुलिस थाना, शिवगंज को पालनार्थ प्रेषित की जावे।

(के.आर.खौड)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2022.06.06 17:55:27 IST
Reason: SelfAttested